# एमएसएमई अवार्ड, 2022 में बिहार को मिला दूसरा पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

27 जून, 2022 को बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने बताया कि बिहार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम **(MSME)** क्षेत्र के विकास और प्रोत्साहन में उत्कृष्ट योगदान के लिये ‘राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार, 2022’ में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है।

## प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को दिल्ली में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान करेंगे।
- उद्योग मंत्री ने बताया कि बिहार का औद्योगीकरण काफी हद तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास पर निर्भर करता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि पिछले 1.5 वर्षों में प्राप्त 36,000 करोड़ रुपए के अधिकांश निवेश एमएसएमई क्षेत्र से आये हैं।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में **MSME** को प्रोत्साहन देने हेतु मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- ‘मुख्यमंत्री उद्यमी योजना’ (एमयूवाई), 2018 में लॉन्च होने के समय केवल एससी/एसटी तक ही सीमित थी, लेकिन इसमें वित्त वर्ष 2021-22 से पिछड़े, अत्यंत पिछड़े, सामान्य और महिला श्रेणियों को शामिल किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/msme-award-2022